श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 99, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 14 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## राम के स्वागत में रोशनी से नहाई अयोध्या

### लाखों दीप जलने का बना रिकॉर्ड





**अयोध्या, जेएनएन।** पावन व सलिल सरयू नदी के तट पर शुक्रवार को त्रेता युग जीवंत हो उठा। यहां हेलिकॉप्टर से राम की पैड़ी के रामकथा पार्क में भगवान श्रीराम, सीताजी तथा लक्ष्मण के स्वरूप के उतरने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ तथा उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने स्वागत किया। शाम ढलते ही साढ़े पांच लाख से ज्यादा दीपों से राम की पैड़ी रोशन हो गई।

रामनगरी अयोध्या में चतुर्थ दीपोत्सव में जले 6,06,569 दीपों के साथ रामनगरी जगमग हो गई। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महामारी के दौरान भी श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव कर दिया है। अयोध्या के सपने को पूरा करने के लिए हम उनके आभारी हैं। संबोधन के बाद सीएम योगी राम की पैड़ी पर सरयू की आरती की।

सरयू के रामघाट पर सरयू की आरती के बाद वैदिक मंत्रों के बीच 6,06,569 दीपों के जलाने का रिकॉर्ड बना। साथ ही अगले साल 7.51 लाख दीपों के जलाने की घोषणा भी। इस अवसर पर साकेत विश्वविद्यालय और पोस्ट ऑफिस विभाग की ओर से दिव्य दीपोत्सव का कवर भी जारी किया गया। भविष्य के अयोध्या को केंद्र में रखकर सूचना विभाग की ओर से एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

राम की पैड़ी परिसर में दीप प्रज्वलन की आभा और वर्चुअल आतिशबाजी से निहाल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देर शाम पुनः रामकथा पार्क पहुंचे और यहां रामलीला की प्रस्तुति का आनंद लिया। लखनऊ की प्रख्यात ऐशबाग रामलीला मंडली के कलाकारों ने रामलीला की प्रस्तुति से समा बांधा। एक अन्य मंडली ने भी रामलीला की प्रस्तुति से सीएम सहित अन्य दर्शकों को विभोर किया। अयोध्या शोध संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी रामतीरथ के अनुसार झारखंड के रायचूर की इस मंडली में सिर्फ महिला कलाकार हैं। लीला के समापन पर मुख्यमंत्री ने कलाकारों को स्मृति चिह्न के रूप में कोदंड राम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

रामनगरी के आंगन से बहती पतित-पावनी सरयू। इसमें झिलमिल करते दीपकों से रौशन घाट और आसमान के चांद-सितारों का सरयू में प्रतिबिम्ब। कुल मिला कर यही अहसास हो रहा था मानो अपने राम के स्वागत में सितारे भी जमी पर उतर आए हों। कुछ ऐसा ही अहसास था दीपोत्सव 2020 में राम की नगरी अयोध्या का। सिर्फ अयोध्या ही क्यों पूरी दुनिया के करोड़ों रामभक्तों ने भी वर्चुअल रूप से खुद को इस दीपोत्सव से जोड़ कर त्रेता युग के उस आनंद का अहसास किया जो उस समय अवध के लोगों ने किया था, जब उनके अपने राम मय सीता और लक्ष्मण 12 साल के वनवास के बाद कौशलपुरी लौटे थे।

कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर इस बार रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव पर पाबंदियां सख्त रहीं। भीड़ एकत्र न होने पाए इसके लिए रामनगरी में बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा।

अयोध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई पीढ़ियों से सभी के मन में एक ही तमन्ना थी कि हम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य को अपनी आंखों से देख लेते तो हमारा जन्म और जीवन धन्य हो जाता। वह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण सफल हुआ है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेशवासियों और सभी श्रद्धालु भक्तों की तरफ से मैं प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करता हूं कि उनकी प्रेरणा से, उनके मार्गदर्शन से, उनकी रणनीति से पांच सदी का संकल्प पूरा होते हुए देश और दुनिया देख रही है। हमने न केवल राम की पैड़ी को अविरल और निर्मल बना दिया है बल्कि उसका विस्तार भी किया है, इस साल 5.51 लाख दीपक जल रहे हैं अगले वर्ष ये संख?या 7.51 लाख पहुंचने वाली है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब देश का नेतृत्व यशस्वी हाथों में होता है तो उस देश को दुनिया की ताकत बनने से कोई रोक नहीं सकता है, इसलिए भारत दुनिया के सामने अपनी ताकत का अहसास कराने में सफल है। जनता का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ है।

इससे पहले श्रीराम, माता सीता तथा लक्ष्मण जी रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क पहुंचे। रामकथा पार्क के मंच पर श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। राज्यपाल मुख्यमंत्री व अन्य विशिष्ट जनों ने राम सीता और लक्ष्मण की आरती उतारी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आरती की। रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क पहुंचे श्रीराम, माता सीता तथा लक्ष्मण जी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आरती की।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने हेलिकॉप्टर से सरयू तट पर उतरे भगवान राम, सीता जी व लक्ष्मण के स्वरूप के आगमन पर उनकी अगवानी करने के साथ ही हर्ष व्यक्त किया। इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर श्रीरामलला की पूजा की।

यहां पर करीब पांच सौ वर्ष बाद दीपक जला और धनतेरस के पर्व पर दीपावली की पूजा की गई। दिव्य दीपोत्सव की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला के सम्मुख घी का दीपक जलाकर किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले रामकथा पार्क में श्रीराम से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा शासन के शीर्ष अधिकारी गण भी थे।

रामनगरी अयोध्या शुक्रवार को दुल्हन की तरह सजी है। दीपोत्सव को लेकर लोगों की उमंग चरम पर है, इसी बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां का ताप काफी बढ़ा दिया है। रामजन्मभूमि परिसर में सीएम योगी आदित्यनाथ करीब पांच सौ वर्ष बाद दीप जलाकर रामलला की पूजा की। रामजन्मभूमि परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन करने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने किया। चंपतराय ने इस अवसर पर राज्यपाल तो राजा अयोध्या बिमलेंद्र मोहन मिश्र ने सीएम योगी आदित्यनाथ अंगवस्त्र भेंट किया। यहां पर आज होने वाले भव्य दीपोत्सव का आकार बीते तीन से काफी वृहद और मनभावन होने के साथ बड़ा एतिहासिक भी होगा। शुक्रवार को साकेत महाविद्यालय से भव्य झांकियां निकलने के साथ चौथे दीपोत्सव का मनोहारी आगाज हुआ।

## दीवाली पर सुख-समृद्धि स्वरूपा देवी महालक्ष्मी का आज घर-घर होगा पूजन

**इंदौर, राज्य ब्यूरो।** सुख-समृद्धि स्वरूपा देवी महालक्ष्मी का शनिवार को घर-घर आह्वान-पूजन होगा। मंगलकारी आयुष्मान-सौभाग्य और स्वाति नक्षत्र की त्रिवेणी में विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। ज्योतिर्विद् आचार्य शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि इस बार तिथियों की घट-बढ़ के चलते रूप चतुर्दशी और दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन 14 नवंबर को एक ही दिन होगा।



दीवाली की तिथि और शुभ मुहूर्त

**दीवाली / लक्ष्मी पूजन की तिथि:** 14 नवंबर 2020

**अमावस्या तिथि प्रारंभ:** 14 नवंबर 2020 को दोपहर 02 बजकर 17 मिनट से।

**अमावस्या तिथि समाप्त:** 15 नवंबर 2020 को सुबह 10 बजकर 36 मिनट तक।

**लक्ष्मी पूजा मुहुर्त:** 14 नवंबर 2020 को शाम 05 बजकर 28 मिनट से शाम 07 बजकर 24 मिनट तक

**कुल अवधि:** 01 घंटे 56 मिनट।

**दीवाली पूजन की सामग्री**

लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा, लक्ष्मी जी को अर्पित किए जाने वाले वस्त्र, लाल कपड़ा, सप्तधान्य, गुलाल, लौंग, अगरबत्ती, हल्दी, अर्घ्य पात्र, फूलों की माला और खुले फूल, सुपारी, सिंदूर, इत्र, इलायची, कपूर, केसर, सीताफल, कमलगट्टे, कुशा, कुंकु, साबुत धनिया (जिसे धनतेरस पर खरीदा हो), खील-बताशे, गंगाजल, देसी घी, चंदन, चांदी का सिक्का, अक्षत, दही, दीपक, दूध, लौंग लगा पान, दूब घास, गेहूं, धूप बत्ती, मिठाई, पंचमेवा, पंच पल्लव (गूलर, गांव, आम, पाकर और बड़ के पत्ते), तेल, मौली, रूई, पांच यज्ञोपवीत (धागा), रोली, लाल कपड़ा, चीनी, शहद, नारियल और हल्दी की गांठ।

**महालक्ष्मी पूजन का समय**

दोपहर 2.18 बजे तक चतुर्दशी तिथि रहेगी। इसके बाद अमावस्या लगेगी जो अगले दिन 15 नवंबर को सुबह 10.37 बजे तक रहेगी। महालक्ष्मी-कुबेर पूजन व यम दीपदान के मुहूर्त चौघड़िया अनुसार मुहूर्त शुभ : सुबह 08:02 से 09:24 और रात 8:52 से 10:31बजे तक चर : दोपहर 12:08 से 01: 30 और रात 12:09 से 01:47 बजे तक लाभ : दोपहर 01:30 से 02.52 और शाम 05:36 से 07:14 बजे तक अमृत : दोपहर 02:52 से 04:14 और रात 10:31 से 12:09 बजे तक स्थिर लग्न में पूजन वृश्चिक : सुबह 06:51से 09:07 बजे तक कुंभ : दोपहर 12:59 से 02:33 बजे तक वृषभ : शाम 05:44 से 07:42 बजे तक सिंह : रात 12:11से 02:23 बजे तक अभिजित मुहूर्त सुबह 11:44 से दोपहर 12:32 बजे तक प्रदोष वेला शाम 05:36 से 07:47 बजे तक महानिशीथ काल रात 11:45 से 12:33 बजे तक।

**असत्य पर सत्य की जीत**

दीवाली हिंदुओं के सबसे प्रमुख और बड़े त्योहारों में से एक है। यह खुशहाली, समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का द्योतक है। रोशनी का यह त्योहार बताता है कि चाहे कुछ भी हो जाए असत्य पर सत्य की जीत अवश्य होती है।

### अयोध्यावासियों ने राम का स्वागत घी के दीपक जलाकर किया

मान्यता है कि रावण की लंका का दहन कर 14 वर्ष का वनवास काटकर भगवान राम अपने घर लौटे थे। इसी खुशी में पूरी प्रजा ने अयोध्या में अपने राम का स्वागत घी के दीपक जलाकर किया। राम के भक्तों ने पूरी अयोध्या को दीयों की रोशनी से भर दिया था। दीवाली के दिन को मां लक्ष्मी के जन्म दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वहीं, यह भी माना जाता है कि दीवाली की रात को ही मां लक्ष्मी ने भगवान विष्णु से शादी की थी। इस दिन श्री गणेश, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की पूजा का विधान है। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा करने पर दरिद्रता दूर होती है और सुख-समृद्धि तथा बुद्धि का आगमन होता है। हिंदुओं के अलावा सिख, बौद्ध और जैन धर्म के लोग भी दीवाली धूमधाम से मनाते हैं।

## कोरोना टेस्ट की पूरे देश में अधिकतम फीस एक समान तय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण की पहचान के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट की अधिकतम फीस पूरे भारत में एक समान सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें मांग की गई है कि केंद्र और राज्य सरकारों को इसके लिए दिशा-निर्देश दिए जाएं।



याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट सरकारों को निर्देश दे कि आरटी-पीसीआर (रीयल टाइम रिवर्स ट्रांसक्रिप्शिन पॉलीमर चेन रीएक्शन) टेस्ट की अधिकतम कीमत पूरे देश में सिर्फ 400 रुपये निर्धारित कर दी जाए। फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसका अधिकतम मूल्य 900 रुपये से लेकर 2800 रुपये तक है। यह कीमतें सरकारों ने ही तय की हैं।

याचिका दायर करने वाले वकील अजय अग्रवाल ने बताया कि आंध्र में इस टेस्ट का प्राफिट मार्जिन 1400 फीसद और दिल्ली में 1200 फीसद तक है। लैब इस परीक्षण से करोड़ों कमा रहे हैं, लेकिन गरीब मजदूरों तक इसकी पहुंच नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय बाजार में आरटी-पीसीआर किट 200 रुपये से भी कम में उपलब्ध है।

## दीवाली पर एक दीया सैनिकों के नाम का भी जलाएं: मोदी, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ने दी देशवासियों को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दीवाली की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सभी से अपील की कि वे सैनिकों को सलामी के तौर पर भी एक दीया जलाएं क्योंकि सिर्फ शब्दों से उनके अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के परिवारों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'दोस्तों, त्योहार के इस समय में भी हमें उन बहादुर सैनिकों को जरूर याद करना चाहिए जो भारत माता की सेवा कर रहे हैं और सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्हें याद करने के बाद ही हमें दीवाली मनानी चाहिए। हमें भारत माता के इन बहादुर बेटों-बेटियों के लिए भी एक दीया जलाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सभी सैनिक और कोविड-19 के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता भले ही अपने परिजनों के साथ त्योहार मनाने के लिए घरों पर नहीं होंगे, लेकिन पूरा देश उनके लिए प्रार्थना करेगा। प्रधानमंत्री ने हाल ही में प्रसारित 'मन की बात' का एक आडियो क्लिप भी पोस्ट किया जिसमें उन्होंने पहले भी लोगों से दीवाली पर सैनिकों के लिए एक दीया जलाने की अपील की थी। मोदी की अपील के बाद भाजपा ने भी लोगों से अनुरोध किया कि वे सैनिकों के नाम दीये के साथ अपने फोटो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करें।

## सेना ने पाक के कई लॉन्चिंग पैड, तेल डिपो किए तबाह, 11 पाकिस्तानी सैनिक ढेर, पांच भारतीय जवान भी शहीद

**श्रीनगर, जेएनएन/एजेंसियां।** भारतीय सेना ने केरन सेक्टर में पाकिस्तान की बार्डर एक्शन टीम (बैट) के हमले को नाकाम करते हुए सरहद पार की कई चौकियों, बंकरों, लॉन्चिंग पैड, आयुध एवं तेल डिपो को भी तबाह कर दिया। उत्तरी कश्मीर में भारतीय सेना की कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी आतंकियों और सैनिकों की टोली भाग खड़ी हुई। सूत्रों के हवाले से बताया है कि भारतीय सेना की कार्रवाई में 11 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं जबकि 10-12 घायल हुए हैं। मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों में दो से तीन स्पेशल सर्विस के कमांडोज हैं। इस बीच उड़ी से गुरेज तक देश के दुश्मनों के नापाक मंसूबों को नाकाम करते हुए देश के पांच वीर जवान बलिदान हो गए।

भारत के तीखे हमले से बौखलाए पाक ने शुक्रवार को भारतीय सेना सेना को उकसाते हुए मिसाइलें दागीं, जिसमें सेना ही नहीं, आम लोगों को भी निशाना बनाया। इस दौरान सात वर्षीय बच्चे समेत चार आम नागरिकों की जान चली गई। सेना से कई जवानों सहित आम नागरिक भी घायल हुए हैं। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर युद्ध जैसे हालात हैं। सेना ने वीर जवानों के कई वीडियो जारी किए हैं। जम्मू संभाग के कठुआ के हीरानगर और पुंछ में भी कई सेक्टरों में पाक ने गोलाबारी की है। पुंछ के सब्जियां सेक्टर में दो बच्चे, एक महिला और सेना के तीन पोर्टर घायल हो गए।

**बैट हमला नाकाम**

एक सैन्य अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार तड़के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में पाक सेना की एक टीम ने भारतीय इलाके में घुसपैठ की कोशिश की। अग्रिम इलाके में तैनात भारतीय जवानों ने त्वरित कार्रवाई कर उनके तीन कमांडो मार गिराए। केरन में मुंह की खाने से हताश पाक सेना ने कुपवाड़ा जिले में टंगडार व नौगाम सेक्टर के अलावा बांडीपोर के गुरेज में भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी। पाक सेना ने तोप और मोर्टार से गोले दागे। इसमें नौगाम में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सब इंस्पेक्टर राकेश डोभाल शहीद और कांस्टेबल वासु राजा घायल हो गए।

**सात साल के बच्चे की जान गई**

टंगडार और करनाह में भारतीय जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद पाक सैनिकों ने बारामुला जिले में उड़ी और बांडीपोरा में गुरेज सेक्टर में भी भारतीय सैन्य व नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी की। इससे नांबला उड़ी में दो सैन्यकर्मी सुबोध घोष और हरधन चंद्र राय शहीद हो गए। इसमें चार लोग मारे भी गए हैं। इनकी पहचान सराई बांडी के इरशाद अहमद, सुल्तान ढक्की के तोएब मीर, बलकोट की फारूक बेगम व सात वर्षीय इफरार अहमद के रूप में हुई है। गुरेज में सेना के दो जवान शहीद और तीन जवान जख्मी भी हुए हैं। दोनों बलिदानी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पड़ोसी देश की इस हरकत के बाद भारतीय जवानों ने दूसरी बार पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारी तबाही मचाई। नौगाम और गुरेज के सामने पाक सेना का आयुध डिपो, ईंधन डिपो, एक चौकी व एक बंकर के अलावा आतंकियों के दो लांचिंग पैड को तबाह कर दिया। हाजीपीर सेक्टर में एक पाक चौकी ध्वस्त कर दिया। हालांकि, अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, मगर सूत्र बताते हैं कि जवाबी कार्रवाई में उसके आठ सैनिक भी मारे गए हैं। इस तरह भारतीय सेना ने पाक के 11 सैनिक मार गिराए।



## संक्षेप समाचार

### सैदाबाद में पकड़े गऐ पांच जुआरी, पुलिस ने भेजा जेल

**सैदाबाद।** क्षेत्र के कई गावों में बीते कई महीनों से जुए की फड़ सज रही है। इलाकाई पुलिस कई जगह छापे भी मार रही है लेकिन जुआरी अन्धेरे का फायदा व मुखीबरो की सूचना के चलते पुलिस की पकड़ सें बाहर थे।

बीते गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर सैदाबाद पुलिस ने चौकी इंचार्ज अरुण मौर्या की अगुवाई में सैदाबाद निवासी नवनीत मिश्रा, संदीप द्विवेदी, असढिया गांव निवासी आशीष केशरवानी, खेरूआ गाव निवासी श्यामलाल, सूरज लाल कों जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### कोरोना का पर भारी रहीं दीपावली का पर्व , खरीददारी पर उमड़ी भीड़

**करमा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर करमा बाजार खरीददार एवम वस्तुओं से सराबोर रहा। मिट्टी कें दीप, मोमबत्तियां, मिष्ठान, बर्तन आदि दुकानों पर भारी भीड़ जुटी रहीं। कोरोना महामारी कें दौरान पहली बार भारी मात्रा में लोग बाहर निकलकर खरीददारी करतें दिखें। क्षेत्र के बरौली, बजरंग चौराहा, गौहनिया, उभारी आदि प्रमुख छोटे बाजारों में भी बड़े पैमाने पर भीड़ जुटी रहीं ।

# पानी भरते समय फिसल कर कुएं में गिरी किशोरी, मौत

**घूरपुर।** क्षेत्र के दलवाबारी गांव में शुक्रवार की सुबह कुएं में पानी भरने गई एक किशोरी फिसल कर कुएं में गिर गई। किशोरी के कुएं में गिरने की सूचना पर परिजनों में हड़कम्प मच गया। ग्रामीण जुटे और घंटो मसक्कत करके के किशोरी को कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसका दम घुट चुका था।

घूरपुर के दलवाबारी गांव निवासी लाल सिंह की पुत्री खुशी सिंह (15) रोज की तरह शुक्रवार की सुबह दरवाजे पर स्थित कुएं में पानी भरने गई थी। खुशी रस्सी से बाल्टी भरे पानी को खींच जैसे ही बाल्टी को पकड़ना चाहा इसी बीच उसका पैर फिसल गया और कुएं में गिर गई। कुंए में गिरने की आवाज जब घर सहित आस पास के लोगों को सुनाई दी तो। लोग कुएं की ओर दौड़े और देखा तो खुशी गहरे कुएं में डूब रही थी। आनन फानन में लोग एकत्र हो गए और रस्सी के सहारे कुएं में उतरे और खुशी को बाहर निकाले ।लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। खुशी छ बहन व एक भाई में पांचवे नंबर की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### धनतेरस में दुकानों पर रही रौनक लोगों ने की खरीददारी

**करछना।** भगवान धनवन्तरि का त्यौहार धनतेरस त्यौहार पर लोगों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। करोना वाइरस के चलते जहां व्यापारियों का व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ था वहीं धनतेरस पर लोगों मे खरीदारी के प्रति काफी उत्साह देखा गया। इससे व्यापारियों को भी राहत मिली है। क्षेत्र के प्रमुख बाजारों करछना, साधूकुटी, घटवा, कौवा, बरदहा, बरांव, पंचदेवरा, रामपुर, डीहा, भीरपुर, बसही और बीरपुर के बाजारों में वर्तन की दुकानों, सराफा दुकानों, गाड़ी के शोरुम व लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों के अलावा फलों व मिठाइयों की दुकानो पर लोगों ने जम कर खरीददारी की। दीपावली के पूर्व ही घर लौट रहे लोगों ने रास्ते पड़ने वाले बाजारों में इलेक्ट्रानिक झालरों के साथ त्यौहार की अन्य जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी किया। खास कर वर्तन की दुकानों से लोगों ने नये वर्तनों की खरीदारी किया। इसबार धनतेरस का त्यौहार लोगों ने दो दिन बृहस्पतिवार व शक्रवार को मनाया जिससे दुकानो मे काफी रौनक दिखाई पड़ा। लेकिन कोरोना के चलते मंहगाई का असर भी दिखाई पड़ा।

# राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में बारा तहसील के सुरवल साहनी में हटाया गया सरकारी भूमि से अवैध कब्जा



बारा तहसील कें सुरवल साहनी गाँव में राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाते हुए

**करमा।** बारा तहसील के सुरवल साहनी में राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी एवं लेखपाल देवीशंकर के संयुक्त नेतृत्व में अवैध कब्जा को हटवाया गया। उक्त कार्यवाही में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों कें साथ पुलिस बल मौजूद रहा। तहसील द्वारा अवैध भूमि कब्जे की कार्यवाही से आसपास के भू-माफियाओं समेत अवैध कब्जा करनें वाले लोगों में भय व्याप्त है। सूत्रों के मुताबिक राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी अपने कार्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति बहुत समर्पित रहने वाली व्यक्तियों में से एक हैं साथ ही आम नागरिकों के प्रति मृदु व्यवहार के लिए जानी जाती हैं ।

# छात्राओं को नारी सशक्तिकरण के संबंध में दी गयी जानकारी

**जसरा।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा की प्रधानाचार्या सुकुंती सचान ने विद्यालय की छात्राओं को नारी सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दिया एवं छात्राओं को महिला सम्मान,सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर विशेष बल दिया। बाद में ईको फ्रेंडली दीवाली को प्रोत्साहित करने के लिए छात्राओं को शपथ दिलाई।

श्रीमती सचान ने समाज में महिलाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि महिलाओं के हित में जारी विभिन्न हेल्पलाइनों की जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया। शिक्षिका गीता पांडेय ने कहा अब किसी भी छात्रा को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि विषम परिस्थितियों में आत्म रक्षा के लिए उन्हें लड़ना होगा। बाद में प्रधानाचार्या ने दीपावली पर घर घर मिट्टी से बने दियाली जलाने के लिए प्रोत्साहित किया और छात्राओं को प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुनीता मालवीया, रीना यादव, नीता त्रिपाठी, सफिया अल्वी, सुगुफ्ता जमाल, रेखारानी, रितू सिंह, ममता शर्मा, गीतांजलि, सुमन यादव, रागिनी शर्मा व फौजिया नसरीन आदि शिक्षिका व छात्राएं उपस्थित रहीं।



शपथ लेती छात्राएं

## जनार्दन सिंह बने भारतीय किसान कल्याण संघ करछना ब्लॉक अध्यक्ष

**करछना।** भारतीय किसान कल्याण संघ में अपना विशेष योगदान देते हुए जनार्दन सिंह ने अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत किया जिससे उनके कार्यों से प्रभावित होकर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी की अनुमति से जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने धरवारा गांव के निवासी जनार्दन सिंह को भारतीय किसान कल्याण संघ ब्लॉक करछना का अध्यक्ष मनोनीत किया उनके इस मनोनयन से क्षेत्र के किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में सर्वश्री नरेंद्र बहादुर सिंह विनय सिंह बबुआन द्विवेदी अमित द्विवेदी बंसीलाल देवबंशी हेम नारायण तिवारी सुनील मिश्र रवीश मिश्रा रणंजय सिंह धनंजय सिंह सुधीर कुमार सिंह लाल बहादुर सिंह बृजेश सिंह विनय कुमार सिंह सोमवंशी कृष्ण मुरारी लल्लन सिंह आदि किसान शामिल है।




कर्मचारियों को उपहार देकर शुभकामनाएं देते हुए

### संस्थान के कर्मचारियों को उपहार देकर दी शुभकामानायें

**करछना।** विकास खण्ड करछना के कौवा स्थित कार्यालय मालती देवी सेवा संस्थान के द्वारा दीपावली के पूर्व संध्या पर अपने कर्मचारियों व सहयोगियों को उपहार देकर उन्हे दी शुभकानायें। संस्थान के डायरेक्टर श्यामबाबू ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान गरीब और मजलूमों की सेवा के लिए संचालित किया जा रहा है जिसमें आप सभी का सहयोग सराहनीय है। दीपावली त्यौहार हमें इस बात की सीख देती है कि हर घर मे उजाला करने का प्रयास अपने स्तर पर करना चाहिए। जिससे कि अपने आस पास के लोगों की मदद कर उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और उनके अन्दर यह प्रेरणा पैदा होना चाहिए कि वे आगे चल कर देश की तरक्की मे भागीदार बने और समाज में अपने कार्य कौशल के बल पर नई उँचाइयों को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों मे हर्ष और उल्लास रहा।

## जेल में आत्महत्या करने वाले सामूहिक हत्याकांड के आरोपी कैदी नीरज के पास मिला सुसाइड नोट

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल के अंदर फांसी लगाने वाले विचाराधीन कैदी नीरज मौर्या (26) निवासी लखनपुर, नवाबगंज के सुसाइड नोट मिलने का दावा जेल प्रशासन ने किया है। हैरानी की बात यह है कि जिस सुसाइड नोट के मिलने की बात जेल प्रशासन कर रहा है, उसका जिक्र न तो एफआईआर में कराया गया है और न ही पंचनामें में ही उसे नत्थी किया गया है।

23 अप्रैल 2017 की रात नवाबगंज के जूड़ापुर गांव में मक्खन लाल गुप्ता (50) व उसकी पत्नी मीरा गुप्ता (45) के अलावा दो बेटियों की नृशंस हत्या हो गई थी। जिमसें नीरज मौर्या, मोहित पाल, प्रदीप पटेल और सत्येंद्र पटेल को मुख्य आरोपी बनाया गया था। जानकारी के अनुसार नीरज मौर्या के मुकदमे की पैरवी उसका रिश्तेदार जीतेंद्र मौर्या निवासी सराय गोपाल भदरी, सोरांव कर रहा था। जेल प्रशासन की माने तो जीतेंद्र मौर्या पैसे लेकर अपना काम कर रहा था, जिसकी वजह से उसकी बेल नहीं हो पा रही थी। इसी को लेकर वह बहुत परेशान था। उसी परेशानी में उसने बुधवार की रात में बैरक चार में स्थित फिनायल गोदाम के पीछे पेड़ की डाल में गमछे के फंदे से फांसी लगा लिया था। उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान रात में करीब 11.35 बजे उसकी मौत हो गई थी। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडेय ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने जीतेंद्र मौर्या के खिलाफ आरोप लगाया है।

# प्रयागराज के चार छात्र राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

**प्रयागराज।** सर्व शिक्षा अभियान अभियान व यूनिसेफ की ओर से आयोजित 'मेरी उड़ान प्रतियोगिता' में जनपद प्रयागराज से राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले चार बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रयागराज आशीष कुमार, आईएएस ने प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी। इसमें प्राथमिक विद्यालय बिगहियाँ, सोरांव की छात्रा साक्षी सिंह ने लघु कथा लेखन के जरिए प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं जसरा ब्लॉक के छात्र ज्ञान दत्त मिश्रा, चाका की छात्रा जिया और सोरांव ब्लॉक की छात्रा मुस्कान ने प्रतियोगिता में विजेता होकर प्रयागराज ही नही बल्कि अपने-अपने ब्लॉक व विद्यालय का नान रोशन किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हुए समारोह में सीडीओ आशीष कुमार ने साक्षी सिंह, जिया, मुस्कान व ज्ञान दत्त मिश्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि जून, जुलाई, अगस्त व सितंबर में आयोजित प्रतियोगिता में चारों बच्चों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई और सोरांव ब्लॉक की छात्रा साक्षी सिंह ने लगातार दो बार उड़ान प्रतियोगिता में फतह हासिल कर न केवल प्राथमिक विद्यालय बिगहियाँ का बल्कि विकास खण्ड सोरांव व जनपद का भी मान बढ़ाया है। साक्षी की इस उपलब्धि से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अर्जुन सिंह, जिला समन्वयक बालिका ताज मोहम्मद, जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी तथा टीचर्स गेम्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह, एसआरजी सुनील तिवारी, टीचर्स गेम्स एसोसिएशन के वॉलीबाल प्रदेश प्रभारी/ राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय कोच मुकेश शुक्ला, एआरपी उरुवा सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा आदि लोगों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रयास हेतु अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव, चाका, जसरा ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को बधाई दी। प्राथमिक विद्यालय बिगहियाँ की सहायक अध्यापिका रीता शर्मा(गाइड कैप्टन) के उत्कृष्ट प्रयासों से ही कई वर्षो से लगातार विद्यालय के बच्चे जनपद स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न विधाओं में विकास खंड सोराँव का नाम रोशन करते चले आ रहे है। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह, सहायक अध्यापिका रीता शर्मा,माधुरी गुप्ता, कल्पना देवी, पूनम, स्वाति सिंह, शिक्षक अंकित पांडेय, होरी लाल, एआरपी सुरेश तिवारी, शशिकांत मिश्रा, पंकज त्रिपाठी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, बिजेंद्र सिंह, जितेंद्र राम आदि लोग उपस्थित रहे।



राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित छात्रों के साथ अध्यापकगण



महिलाओं को जागरूक करते अधिकारीगण

# महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी हमारी

**शंकरगढ़।** मिशन शक्ति योजना के तहत गुरुवार को पूरे जनपद में महिला सुरक्षा और सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के सभी ब्लाक मुख्यालय पर शाम को आयोजित इस कार्यक्रम के उपरांत फ्लाइंड कैंडल भी उड़ाई गई। इस आयोजन में अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। लोग अपनी सोच में बदलाव ले आएं। महिलाओं के प्रति समाज को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी और शौचालय के प्रयोग के लिए भी प्रेरित करना होगा।

डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव के निर्देशन में इसी तरह का आयोजन विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ में किया गया। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एडीओ (पंचायत) ओम प्रकाश पांडेय ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में बीडीओ देवेंद्र कुमार ओझा और एडीओ ने अपने विचार रखे और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जनसामान्य से सहयोग मांगा। एडीओ (पंचायत) ओपी पांडेय ने कहा कि लोग शौचालयों का प्रयोग करें। इसके अलावा महिलाओं के लिए शासन स्तर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शाम पांच बजे तक चले इस आयोजन के उपरांत फ्लाइंड कैंडल उड़ाई गई। बीडीओ ने माल्यार्पण कर लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना विभाग से सुपरवाइजर सुषमा मिश्रा, सरिता तिवारी, सुषमा शुक्ला, सचिव ग्राम पंचायत, कमला दिवेदी, संतोषी, ऊषा देवी, उमा देवी, प्रतिभा दिवेदी, प्रभावती, सविता सिंह, प्रतिभा मिश्रा, सफाईकर्मी सियावती, समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व सफाईकर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### दबंग पड़ोसियों ने मां बेटे को पीटकर किया अधमरा

**नैनी।** क्षेत्र के चक फैजुल्ला मोहल्ले में दबंगो ने एक महिला और उसके बेटे को लाठी डंडे एवं हाकी से मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यहां की रहने वाली महताब बेगम पत्नी मुस्ताक अहमद उर्फ पुत्तन का कहना है कि उसके पड़ोसी आए दिन उसके घर के सामने कूड़ा फेंकते हैं। विरोध करने पर गाली गलौज एवं मारपीट करते हैं। गरीब होने की वजह से उसकी कहीं सुनवाई नहीं होती। 11 नवंबर की रात में महिला के रिश्तेदार चार पहिया वाहन से आए और महिला के घर के सामने खड़ी कर दिए। इसी बात पर पड़ोसी नाराज होकर बाहर निकले और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर महताब बेगम और उसके बेटे को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने नामजद तहरीर दी है।

# श्रृंगवेरपुर अयोध्या में विकास कार्यों का बिछेगा जाल, बदलेगी सूरत : डिप्टी सीएम

**जय श्री राम सेवा संस्थान के नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय श्रृंगवेरपुर महोत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य**

**श्रृंगवेरपुर धाम से राम वन गमन मार्ग समेत गंगा पर पुल के निर्माण की हो चुकी है स्वीकृति**

**श्रृंगवेरपुर धाम को प्रभु श्री राम और निषाद राज के मिलन की बताइ स्थली**

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर धाम में पहली बार तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन हुआ है। जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि.विधान से गंगा पूजन एवं आरती से कार्यक्रम का आगाज हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कार्यक्रम में शामिल हुई है। जिनकी सुरक्षा के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति करने के लिए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्री राम सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रृंगवेरपुर महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर से श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। जहां श्रृंगवेरपुर घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि.विधान से गंगा पूजन किया। सख्त सिक्योरिटी के बीच डिप्टी सीएम श्रृंगवेरपुर सभागार पहुंचे। जहां दीप प्रज्वलित कर परंपरागत ढंग से दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विष्णु राजा गीतकार ने डिप्टी सीएम के आगमन पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसपर कलाकारों ने शानदार नृत्य किया। मंच पर उपस्थित संत महात्मा एवं संभ्रांत लोगों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं रानी समापिका शरण सिंह ने हनुमान जी की मूर्ति देकर केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया। फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल एवं क्षेत्रीय विधायक विक्रमाजीत मौर्य ने श्रृंगवेरपुर धाम को तहसील बनाए जाने के साथ फाफामऊ विधानसभा का नाम बदलकर श्रृंगवेरपुर धाम किए जाने की बुलंद हो रही जनता की आवाज को डिप्टी सीएम के समक्ष रखा। जहां सभागार में उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद देकर मुझे संसद भवन पहुंचाने का काम किया है। श्रृंगवेरपुर धाम प्रभु श्री राम और निषाद राज के मिलन की स्थली है। भाजपा सरकार में श्रृंगवेरपुर और अयोध्या का विकास कार्य न रूका है और न ही आगे रुकेगा। श्रृंगवेरपुर धाम से राम वन गमन मार्ग और गंगा पर पुल बनाए जाने की स्वीकृति की जा चुकी है। जिससे दोनों छोर के लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। प्रयागराज तीर्थों का राजा है। विकास कार्यों का जाल बिछाकर प्रयागराज की सूरत बदलेगी। विकास कार्यों से श्रृंगवेरपुर और अयोध्या कभी भी अछूता नहीं रहेगा। कार्यक्रम में प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। श्री राम सेवा संस्थान अध्यक्ष संजय तिवारी ने लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेलए फाफामऊ विधायक विक्रमाजीत मौर्यए चायल विधायक संजय गुप्ताए विश्वनाथगंज विधायक आरके वर्माए पूर्व विधायक गुरु प्रसाद मौर्याए पूर्व विधायक एवं समिति संरक्षक दीपक पटेलए पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, अश्वनी दुबेए अमरनाथ तिवारीए, कौड़िहार ब्लाक प्रमुख पति कुंदन यादव, ब्लॉक प्रमुख सोरांव आलोक पांडेए होलागढ़ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, अरुण द्विवेदी, श्याम उपाध्याय, अजय शर्मा, केडी मिश्रा, मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, गुड्डू राजा, डॉक्टर रमापति त्रिपाठी, अटल त्रिपाठी, प्रदीप केसरवानी, रामचंद्र फौजी, संजीव मिश्रा, सुनील तिवारी रूदए अमन पांडे, शिव उपाध्याय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा आरती करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व जमा भीड़

### 500 शताब्दी के बाद राम मंदिर के निर्माण के बाद हो रहा दीपोत्सव

श्रृंगवेरपुर धाम के आयोजित महोत्सव में तमिल होने के बाद हेलीकॉप्टर से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अयोध्या के लिए रवाना हो गए। अपने उद्बोधन में बताया कि राम की कर्मभूमि श्रृंगवेरपुर में जहां महोत्सव में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं आज ही के दिन अयोध्या में भव्य दीपोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। 500 वर्ष बीतने के बाद किसी सरकार ने न तो अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण कराया न ही भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित कराया।

### प्रयागराज में बनेगा गंगा एक्सप्रेसवे

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रयागराज तीर्थों का राजा है। श्रृंगवेरपुर समेत प्रयागराज में विकास कार्यों का जाल बिछाया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे बनवाए जाने की तैयारी प्रारंभ है। मार्गों को लिंक मार्ग से जोड़ा जाएगा। श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा पर पुल बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। प्रयागराज का विकास देश ही नहीं विश्व के लिए उदाहरण बनेगा। प्रयागराज की जल्द ही सूरत बदल जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नाग नाथपुर हाईवे सर्विस रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक चालक को रौदते हुए निकल गया। वही बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर गया तो राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए ले ही जा रही थी रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। आरा कला गांव निवासी संजीव कुमार उम्र 40 वर्ष पुत्र राम सुमेर जो टाइल्स मार्बल का काम करता था। गुरुवार देर रात वह झूसी से काम करके घर के लिए आ रहा था कि जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र की नाग नाथपुर हाईवे पर पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से चालक गंभीर रूप घायल हो गया। रास्ते से जा रहे हैं लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक चार भाइयों में से तीसरे नंबर पर था। मृतक के तीन बेटे गोलू सचिन नितिन हैं। संजीव कुमार की मौत से पत्नी गुड्डी देवी व माता शिव देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दीपावली त्यौहार के मद्देनजर सजी दुकानें

**लालापुर।** दीपावली का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार कोरोना के चलते दीपावली के त्योहार में बाजार में रौनक पिछले साल की तुलना में थोड़ी कम नजर आ रही है, लेकिन धीरे-धीरे अब बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है। जिसके कारण कारोबारियों को भी अच्छे व्यापार की उम्मीद है।लालापुर चौराहे पर शुक्रवार को लोगों ने लक्ष्मी गणेश की मूर्ति,पटाखे और फुलझड़ियों की ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। वहीं दूसरी ओर छोटे और फुटकर कारोबारी भी बड़ी संख्या में दुकान सजा रहे हैं। खासतौर पर रंगोली, मिठाई और फल की दुकानों में भी चहलकदमी नजर आ रही है।

# हनुमान जयंती पर उल्टे किला में भजन सम्राट सूर्य प्रकाश दुबे ने बांधी समा



हनुमान जी के दरबार मे भजन प्रस्तुत करते सुप्रसिद्ध भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे, गायिका पूजा छाबड़ा

**झूंसी प्रयागराज।** हनुमान जयंती के अवसर पर भजन सम्राट सूर्य प्रकाश दुबे ने बजरंगबली के भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं कि तालियों की गड़गड़ाहट से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। साथ ही दीपों की जगमगाहट अपनी तरफ बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रही थी। एक साथ हजारों दीपक जलाए गए थे। आपको बताते चलें कि मुम्बई से आये सुप्रसिद्ध भजन गायक, प्रयाग गौरव रत्न, सूर्य प्रकाश दुबे व उनकी पूरी टीम ने झूंसी स्थिति उल्टा किला में विराजे गुफा वाले सिद्ध हनुमान जी के दरबार में भजनों की सुंदर प्रस्तुति की, इस दौरान एक से बढ़कर एक बजरंगबली के भजनों की प्रस्तुति करते रहे। तथा श्रोता तालियां बजाते रहे और भजन पर झूमते रहे। भजन के बोल रहे- 'हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार', 'बाबा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाये', 'दुनिया चले ना श्री राम के बिना' आदि बहुत सारे भजन सुना कर लोगों का दिल जीत लिया । भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे ने कहा कि हनुमान जी ही कलयुग के देवता हैं वो सब ठीक कर देंगे, जल्द ही हमे इस कोरोना नामक महामारी से निजात मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान साथ मे आई गायिका पूजा छाबड़ा ने भी एक से भड़कर एक भजन सुनाया। इस कार्यक्रम के अतिथि सहयोगी रहे ब्लाक प्रमुख डब्बू यादव व समाजसेवी पवन दुबे, मनीष दुबे कार्यक्रम के पश्चात आयोजन कर्ता रवि व ज्ञानी माता जी ने सबका धन्यवाद किया।

## क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा चलाया गया दस दिवसीय कोरोना प्रचार अभियान संपन्न

**प्रयागराज।** कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम व बचाव के विभिन्न पक्षों पर आमजन को जागरूक करने के लिए क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 04 नवम्बर से चलाया गया 10 दिवसीय कोविड-19 प्रचार अभियान आज सम्पन्न हो गया। आमजन को घर से बाहर निकलने पर मास्क/फेसकवर लगाने, एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाये रखने और नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन-पानी से धोने या सेनीटाइज करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रयागराज के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों, चैराहों, स्कूलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रचार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सचल प्रदर्शनी, माइकिंग, बैनर, पोस्टर्स, स्टीकर, हैण्डबिल्स व योगेन्द्र जादूगर के जादू के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया और बताया गया कि कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन कर स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रखें। कोरोना की दवा या वैक्सीन के अभाव में बचाव ही एकमात्र उपाय है। क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो के राम मूरत ने बताया कि दस दिवसीय कोविड-19 जागरूकता प्रचार अभियान के तहत सोरांव, बहरिया, बहादुरपुर, चाका व कौड़िहार विकास खण्ड के भीड़भाड़ वाले इलाके व स्कूलों में तथा शहरी क्षेत्र के सीएमओ कार्यालय, टीवी हॉस्पिटल तेलियरगंज, फाफामऊ शांतिपुरम्, गोविन्दपुर, कटरा, कचेहरी, बैरहना, अलोपीबाग, झूंसी, पीवीआर चैराहा, हाटस्पाट चैराहा, सुभाष चैराहा, बिग बाजार, हिन्दू महिला विद्यालय, हनुमान मंदिर, बस अड्डा, कंपनी बाग, प्रधान डाकघर, हाई कोर्ट, पानी की टंकी, रेलवे चिकित्सालय, नगर निगम चैराहा, रेलवे स्टेशन, राजापुर, न्यु कैंट, अशोकर नगर, सदर बाजार, कसारी मसारी चैराहा, कोतवाली, नूरूल्ला रोड, करेली, चैफटका, महिला ग्राम इंटर कॉलेज सूबेदारगंज, रमाबाई नगर, सुलेम सराय, सुधा वाटिका धूमनगंज, नवीन मंडी मुंडेरा, ट्रांसपोर्ट नगर, मुंडेरा बाजार, बमरौली, पोंगहट का पुल, लूकरगंज पुलिस चैकी, बनर्जी चैराहा, नई आबादी चकिया, राजरूपपुर, करबला तिराहा पुलिस चैकी, नन्दी चैराहा राजरुपपुर, दिग्गज सिंह उ0म0वि0 कालिन्दीपुर, कालिन्दीपुर बाजार, पावर हाउस मित्रनगर, झलवा चैराहा, शम्भूनाथ इंस्टीट्यूट, विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा, पुलिस चैकी पीपल गांव, जलालपुर घोसी, व युनाइटेड मेडीसिटी रावतपुर आदि स्थानों पर सचल प्रदर्शनी, माइकिंग, बैनर, पोस्टर्स, स्टीकर, हैण्डबिल्स, व जादूगर योगेन्द्र के जादू के माध्यम से आमजन को कोविड-19 से बचाव की जानकारी दी गयी।

# मिट्टी के दिये से रौशन होगा, मुनिया का घर आंगन : अंजलि विशाल

**प्रयागराज।** अपने घर तो हर कोई दीपक जलाता है, इंसानियत तो वो है जो औरों की चौखट भी रौशन करने की सोचें। हर साल की तरह इस साल भी विशाल संकल्प संस्था की ओर से पर्वो के पुंज दीपावली को अलग अलग सेवा करके सार्थक दीवाली के रूप में मना रही है। शुक्रवार को दानोत्सव व दीपोत्सव कार्यक्रम वोट क्लब में आयोजित हुआ।

संस्था की ओर से बच्चों को मिट्टी के दिये देकर पूजा गुप्ता ने ईको फ्रेंण्डली दीवाली का संदेश दिया व बच्चों को कोरोना काल मे सावधानी के साथ मनाने की सीख दी। अंजलि विशाल ने बताया कि हर साल दीवाली के पहले दानोत्सव कार्यक्रम से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल जाते है। आज बच्चों को दीवाली की मिठाई, लाई लावा, दीपक, तेल, बाती, कपड़े आदि वितरित किये गये।साथ ही बच्चों ने यमुना में दीपदान करके कोरोना से निजात पाने की प्रार्थना भी की।



दीप जलाते बच्चे

## नन्द किशोर ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार

**प्रयागराज।** नन्द किशोर ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया । इससे पहले वह उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी/ प्रशासन के रूप में कार्यरत थे । नन्द किशोर आई.आर. पी.एस. 1987 बैच के अधिकारी हैं। नन्द किशोर उत्तर मध्य रेलवे में आने के पहले पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी / प्रशासन एवं पश्चिम रेलवे के रतलाम, अजमेर, कोटा, बड़ोदरा एवं जयपुर मंडलों में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में भी कार्यरत रहे है।

## मातृ - स्नेह फाउंडेशन गरीब और अनाथो के लिए समर्पित : नागेंद्र सिंह



**प्रयागराज।** शुक्रवार को मातृ - स्नेह फाउंडेशन की ओर से संगम क्षेत्र में गरीबों और बुजुर्गों तथा अनाथो के बीच में फल और मिष्ठान का वितरण किया' इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष और संरक्षक नागेंद्र सिंह ने बताया कि समाज को हमारे प्रकृति को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए पटाखों और जहरीले फुलझड़ियां का प्रयोग नहीं करना चाहिए ' जिसके लिए सरकार तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी सुझाव तथा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है ' जहरीले पटाखों की वजह से स्वास और अस्थमा तथा कोरना के मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है तथा उनके लिए यह पटाखे घातक साबित हो सकते हैं ' ऐसे में पूरे समाज और राष्ट्र का यह दायित्व बनता है कि अपने प्रकृति को प्रदूषण से मुक्त रखने में पूरा सहयोग करें ' इसके साथ-साथ उन्होंने सुझाव दिया कि जो पैसा पटाखों और फुलझड़ियां पर बर्बाद करना है , उस पैसे को गरीब और असहाय बंधुओं के बीच में उनका सहारा बनकर पैसे का सदुपयोग करें ' फाउंडेशन के अध्यक्ष और संरक्षक तथा भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने सभी देशवासियों को दीपावली का त्यौहार सादगी से मनाने का अपील किया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज शनिवार, 14 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### दो दर्जन झोलाछाप हॉस्पिटल संचालित

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के सैनी देवीगंज टेढ़ी मोड़ गुलामी पुर क्षेत्र में एक दर्जन झोलाछाप हॉस्पिटल संचालित हो रहे है आखिर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इन संचालित हॉस्पिटल में क्यों नहीं पड़ती कोरौना जैसी महामारी बीमारी के दौरान झोलाछाप संचालित हॉस्पिटल के डॉक्टर मनमानी तरीके से मजबूर लाचार गरीबों की जेब काटने में कोई कसर नहीं छोड़ते इसी क्रम में खून जांच पैथोलॉजी एक्सरे करने वाले लोग भी अपने मन मुनाफिक गरीबों से लूट रहे हैं आखिर किसके संरक्षण मे प्राइवेट संचालित हॉस्पिटल चल रहे है।

### पुलिस ने बांटी टार्च व सीटी

**कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र में रात्रि प्रभावी गस्त के लिए सुरक्षा की दृष्टि से थाना पुलिस द्वारा ग्राम प्रहरियों को टार्च और सीटी वितरित किया गया है सभी ग्राम प्रहरियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि गांव मे होने वाले अपराध की जानकारी हो सके।

## अनियंत्रित पिकअप ने साइकिल सवार को रौंदा मौत

**रिश्तेदारी से घर वापस लौटते समय डिहवा गांव के पास हुआ हादसा**

**हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन रिश्तेदार का जमावड़ा घटनास्थल पर लग गया है**



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पशुओं को भरी एक तेजगति अनियंत्रित पिकअप चालक ने सामने से आ रहे अधेड़ साइकिल सवार को रौंद दिया है जिससे साइकिल सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना शुक्रवार दोपहर की है हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन रिश्तेदार का जमावड़ा घटनास्थल पर लग गया है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव निवासी छेदीलाल उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र श्यामलाल की रिश्तेदारी डाहरई गांव में है शुक्रवार की दोपहर छेदीलाल अपनी रिश्तेदारी ड़हराई गांव से साइकिल से वापस अपने गांव पूरब शरीरा लौट रहा था जैसे ही छेदीलाल डिहवा गांव के पास पहुंचा कि सामने से तेज गति से आ रहे पिकअप चालक ने साइकिल सवार को रौंद दिया है। मौके पर छेदीलाल की मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ-साथ मृतक के परिजनों को दी है जानकारी मिलते ही मौके पर मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों का जमावड़ा घटना स्थल पर लग गया है सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची है और मृतक अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### यातायात नियमों का कराया गया पालन

**कौशाम्बी।** मंझनपुर के चौराहा करारी भरवारी एवं मूरतगंज में यातायात माह के तहत गोष्ठी की गई व टीम बनाकर वाहन चालकों व वाहन स्वामियों से उनकी समस्याओं को पूछा गया तथा दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने पर चर्चा की गई।

### तमंचे के साथअभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद के थाना करारी पुलिस द्वारा अभियुक्त तीर्थी पुत्र सोनी निवासी बैसकाटी थाना करारी के कब्जे से 01 अदद तमंचा व करतूस 315 बोर बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 374/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

## भाजपा नेत्री ने बुद्ध सास ससुर को लात घूसों से पीटा

**सास ससुर को पीटने के बाद जेठ और उनके बेटों पर भाजपा नेत्री ने लिखाया मुकदमा**

**कौशांबी।** सत्ता के हनक में भाजपा नेत्री ने पहले तो अपने सेना से सेवानिवृत्त वृद्ध सास-ससुर को बेरहमी पूर्वक लात घूसों से जमकर पीटा है फिर अपने माता-पिता के बचाव में उतरे जेठ और उनके पुत्रों पर भाजपा नेत्री ने उल्टा मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है भाजपा नेत्री के इस कारनामे से योगी सरकार की किरकिरी हो रही है लेकिन भाजपा नेत्री के इस कारनामे पर पार्टी जनों द्वारा उनके समर्थन की बात की जा रही है जबकि भाजपा नेत्री का जेठ भी सांसद विनोद सोनकर का करीबी बताया जाता है। गौरतलब है कि कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव के रहने वाले रामस्वरूप राजपूत सेना के रिटायर्ड फौजी हैं और इन दिनों उनकी उम्र लगभग 85 वर्ष है जिंदगी के अंतिम दिनों को वह किसी तरह से अपने पत्नी के साथ व्यतीत कर रहे हैं उनके बड़े पुत्र राजेंद्र बहादुर उर्फ पप्पू अपने माता पिता के साथ हैं और छोटा पुत्र तथा छोटी बहू भाजपा नेत्री सोनिया राजपूत उनसे अलग है संपत्ति के लालच में भाजपा नेत्री ने अपने शिक्षक पति के साथ मिल कर चार दिनों पहले वृद्ध सास-ससुर को लात घूसों से बेरहमी से पीटा था जिस पर रिटायर्ड बृद्ध फौजी के बड़े पोते ने बीच-बचाव कर फौजी और उनकी पत्नी की जान बचाई वृद्ध भाजपा नेत्री के द्वारा पीटे जाने के बाद भी बृद्ध रिटायर्ड फौजी परिवार का हवाला देकर मुकदमा लिखाए जाने से बचता रहा लेकिन भाजपा नेत्री में अपने जेठ और उनके बेटों पर पुलिस में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया है। भाजपा नेत्री द्वारा बृद्ध रिटायर्ड फौजी सास ससुर को पीटे जाने का वीडियो वायरल हो रहा है मौके पर उनके जेठ मौजूद भी नहीं है फिर भी उन्हें हमले में नामजद कर दिया गया है जब भाजपा नेत्री अपने स्वार्थ में इस कदर झूठ बोलकर पुलिस को गुमराह करेंगी तो उनके इस आचरण से क्या भाजपा सरकार का समाज में आम जनता के बीच क्या माहौल रह जाएगा यह सोचने की बात है लेकिन भाजपा नेत्री के आचरण को माफ करते हुए पार्टी उनके प्रति सहानुभूति की भावना से उनकी मदद को तैयार हैं।

## शस्त्र लाइसेन्स धारक केवल दो शस्त्र रख सकता है : डीएम

**एक शस्त्र को शस्त्र लाइसेन्स धारक द्वारा थाना मालखाना में निस्तारण कर शस्त्र लाइसेन्स निरस्त सरेन्डर करना होगा**


**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह ने बताया है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली की गजट के माध्यम सें आयुध अधिनियम में नये प्राविधान जोडे गये है।उपर्युक्त संशोधनो फलस्वरूप शस्त्र लाइसेन्स धारक केवल दो शस्त्र रख सकता है यदि किसी भी लाइसेन्स धारक के पास पूर्व से तीन शस्त्र लाइसेन्स या तीन शस्त्र अंकित है तो सम्बन्धित लाइसेन्स धारक को किसी भी एक शस्त्र को शस्त्र लाइसेन्स धारक द्वारा थाना मालखाना में निस्तारण कर शस्त्र लाइसेन्स निरस्त सरेन्डर करना होगा। उत्तर प्रदेश शासन गृह ;पुलिस ने ऐसे समस्त शस्त्र लाइसेन्सी जिनके पास 03 शस्त्र लाइसेन्स है या एक ही शस्त्र लाइसेन्स पर 03 शस्त्र दर्ज है वे अपने तीसरे शस्त्र को दिनांक 13 दिसम्बर के पूर्व जमा सरेण्डर कर दें। नियत तिथि तक शस्त्र धारक द्वारा जमा सरेण्डर नही किया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## अझुवा में बनकर हुआ तैयार स्थायी रैन बसेरा

**पूरे फर्श में टाइल्स और दीवारों में स्वछता से प्रदर्शित किए गए श्लोगन चार चांद लगा रही है**

**अझुवा कौशाम्बी।** सरकार की मंशानुसार नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 11 पुलिस चौकी के पास बहुत ही सुंदर स्थायी रैन बसेरे का निर्माण किया गया है रैन बसेरे में दो गज की दूरी के अनुसार बिस्तर लगाए गए हैं स्वछता सर्वेक्षण में जिला टॉप रहने वाली नगर पंचायत की रैन बसेरा भी स्वछ दिखायी दे रही है।

पूरे फर्श में टाइल्स और दीवारों में स्वछता से प्रदर्शित किए गए श्लोगन चार चांद लगा रही है जंगलों में शीशे लगाए जा रहे हैं विद्युत व्यवस्था की गई है सेनेटाइजर एवं मास्क भी यहां निःशुल्क उपलब्ध कराये गए हैं।नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए कहा कि नगर में किसी भी काम से आने जाने वाले लोग सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरा में ठहर सकते हैं वो भी निःशुल्क


अझुवा में बनकर तैयार सथायी रैन बसेरा।

है कोई भी यात्री य गरीब व्यक्ति ठहर सकते हैं इसकी देखरेख के लिए नगर पंचायत से कर्मचारी लगाए गए है उन्होंने कहा कि रैन बसेरा में जो भी यात्री जाएगा उसको निशुल्क मास्क उपलब्ध कराया जाएगा इसके अलावा सैनिटाइजर एवं साबुन से हाथ धोने का प्रबंध भी किया गया है।

अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा रैन बसेरा में आने वाले मुसाफिरों के लिए रहने नहाने की व्यवस्था की गई है हालांकि रैन बसेरा में ठहरने के लिए आधार कार्ड दिखाना होगा। अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रैन बसेरे में दो वार्डो की व्यवस्था की गई है एक वार्ड में 12 बिस्तर लगाकर पुरुषों के लिए और दूसरे वार्ड में तीन बिस्तर महिलाओं के लिए लगाए गए हैं।


मेहता अस्पताल में बने रैन बसेरा का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## डीएम ने किया मेहता अस्पताल स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका भरवारी क्षेत्र में अस्थाई तरीके से बनाए गए रैन बसेरा का आज जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया है निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा की बाहर से आने वाले मुसाफिरों को आश्रय स्थल में रहने के लिए रैन बसेरा में संपूर्ण व्यवस्था नगर पालिका परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि ठंड के चार महीने में बाहर से आने वाले आश्रयहीन लोगों के रहने पर उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा कि जिन गरीबों के पास ठंड में रहने के लिए समुचित स्थान नहीं है उन्हें भी रैन बसेरा में रहने की व्यवस्था कराई जाए इसके लिए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कड़े निर्देश दिए हैं जिलाधिकारी द्वारा आज दिनांक 12 नवंबर 2020 को नगर पालिका परिषद भरवारी के भवंस मेहता हॉस्पिटल में स्थित रैन बसेरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया रैन बसेरा का निरीक्षण करते हुए उनके साथ नगर पालिका परिषद भरवारी के गिरीश चंद अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव बृजेश कुमार मिश्र संजय कुमार गुप्ता तथा संदीप कुमार पांडेय रोहित कुमार पांडेय आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय यादव सेना 18 नवम्बर को यादव शौर्य दिवस मनाएगा : इंजी.पवन कुमार

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय यादव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पवन कुमार यादव ने कहा कि समस्त पदाधिकारीगण राष्ट्रीय यादव सेना कार्यकारणी के साथियों जैसे की आप सभी को ज्ञात होगा की 18 नवंबर सन 1962 को रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 अहीर वीरों की याद में यादव शोर्य दिवस मनाया जाता है।यादव समाज का इतिहास वेद पुराणो मे मिलता है यादव समाज हमेशा से बलिदानी रहा है ओर आगे भी रहेगा देश की तमाम महानतम लड़ाई मे वीर यादवो ने मात्रभुमि की रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 18 नवम्बर 1962 को चीन के 1600 से अधिक सेनिकों को कुमाऊँ रेजिमेंट के 114 यादव वीरों रेजागंना युद्ध मे मात्रभूमि की रक्षार्थ अपना बलिदान देकर यदुवंश की कीर्ति को सदा सदा के लिऐ अमर कर दिया राष्ट्रीय यादव सेना के सभी पदाधिकारी 18 नवम्बर को रेजांगना के वीर शहीदों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करें। 18 नवम्बर यादव शौर्य दिवस के दिन सभी राष्ट्रीय यादव सेना के पदाधिकारी सभी प्रदेश,जिला, और नगर मे यादव शौर्य दिवस के उपलक्ष्य मे भव्य रैली का आयोजन करे।साथ मे समाज के हक के लिए विभिन्न मांगो के लिए ज्ञापन सौंपेंगे जिसमें भारतीय सेना मे अहीर (यादव) रेजिमेंट का गठन, 2021 मे जातीगत जनगणना कराई जाऐ, मंडल कमीशन लागु कराने के लिए, क्रीमिलियर को खत्म किया जाऐ, प्रायवेटोजेशन को तत्काल रोका जाऐ, ओबीसी को प्रमोशन मे प्रतिनिधित्व दिया जाऐ, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मंजुरी, किसान आयोग का गठन मांगें होगीं।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन पत्र में किया गया संशोधन

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रध्छात्राओं के आनलाइन आवेदन में संशोधन किया गया है। उन्होने बताया है कि विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों द्वारा निर्गत किये गये विभिन्न परीक्षा परिणामों में छात्रों को अंक न देकर केवल उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया गया है तथा कतिपय छात्रों को अंकों के साथ प्रमोट किया गया है, ऐसे छात्रों के आनलाइन आवेदन में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत छात्रों की सुविधा हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में उपलब्ध कराये गये आप्शन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया है कि वर्तमान में आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिये 03 आप्शन दिये गये है जिनमें क्रमांक-1 पास, क्रमांक-2 प्रोमोटेड तथा क्रमांक-3 रिजल्ट नॉट एट डिक्लेयर्ड है। छात्रों को आनलाइन आवेदन करने हेतु क्रमांक-2 आप्शन प्रोमोटेड को संशोधित करते हुये छात्रों को आवेदन करने हेतु आप्शन में व्यवस्था कर दी गयी है जिसमें प्रथम प्रोमोटेड विथ मार्कस और दूसरा प्रोमोटेड विदाउट मार्कस है। प्रोमोटेड विथ मार्कस वाले आप्शन के लिये छात्र को अंक भरना अनिवार्य होगा तथा प्रोमोटेड विदाउट मार्कस वाले आप्शन के लिये छात्र अंक बिना भरे आवेदन कर सकेगा। क्रमांक 1 व 3 के आप्शन यथावत रहेगें।

## बच्चों की सुरक्षा करना सबसे सच्ची श्रद्धा

**बच्चे हमारे देश की शान है : तनु उपाध्याय**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में द चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अंतर्गत बच्चों ने अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) सुरेन्द्र कुमार द्ववेदी व क्षेत्राधिकारी सदर तनु उपाध्यक्ष को गुलाब का फूल एंव सुरक्षा बैंड पहना कर बच्चों ने अपनी सुरक्षा का वचन लिया। बैनर पर हस्ताक्षर करके बेसहारा बच्चे बेबस बच्चे मुसीबत में फंसे बच्चे की मदद करने के लिए संकल्प लिया। अपर पुलिस अधिक्षक पश्चिम ने कहा कि बच्चों के समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाएगा। बच्चों की सुरक्षा करना सबसे सच्ची श्रद्धा है। इसक्रम में क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय ने चाइल्डलाइन 1098 के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों हमारी देश की शान हैं। श्री उपाध्याय ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को उपहार भी दिया। इस अवसर पर कृष्णकांत राय, हकीम अंसारी, अभय राज, रीना यादव, आजाद आलाम, मुजम्मिल हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह में बच्चों को उपहार वितरित करते अपर पुलिस अधीक्षक।

## भाजपा की सरकार लगातार शिक्षा पर जोर दे रही : विधायक

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने आज लालपुर प्राथमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण किया कार्यक्रम के दौरान 138 बच्चों को विधायक श्री गुप्ता ने स्वेटर वितरण किया स्वेटर पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे । विधायक चायल ने कहा कि यह वही बच्चे है जो आज यहाँ शिक्षा ग्रहण कर रहे है कल यही बच्चे आगे चलकर इन्ही में कलेक्टर बनेगा कोई नेता बनेगा कोई विभिन्न क्षेत्र में अधिकारी बनेगें इन्हे ही हम सैलूट करेगे। कोई बच्चा गरीब नहीं होता है और कोई विद्यालय छोटा बड़ा नहीं होता है बस हमे तन मन से पढ़ने की आवस्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी भाजपा की सरकार लगातार शिक्षा पर जोर दे रही है आज बच्चो को मिड डे मील से लेकर निःशुल्क कॉपी किताब और कपड़े जूते मोजे की वयवस्था और तरह तरह के फर्नीचर से लैस और छात्रवृत्ति और कोरोना काल मे कन्वर्जन कॉस्ट 561 रुपया प्रति बच्चा और खाद्यान्न की व्यवस्था भी सरकार द्वारा किया गया है। विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि सरकार की पूरी तरह मंसा है कि कोई भी बच्चा पैसे के अभाव में छूटने न पाए सभी बच्चो को शिक्षित करना है जिससे समाज का विकास हो सके। इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद पटेल प्राथमिक शिक्षक संघ अशोक द्विवेदी, शिव मोहन चौधरी, दीपचंद दिवाकर मंडल अध्यक्ष राममिलन चौधरी, मीडिया प्रभारी सूरज यादव, नीरज यादव आदि रहे।


लालपुर प्राथमिक विद्यालय में स्वेटर वितरित करते विधायक संजय गुप्ता

### हल्का लेखपाल के लिए कोई मायने नही रखता एसडीएम का आदेश

**कौशाम्बी।** सरकार चाहे जितना नियम बदले और कार्यवाही करें परन्तु अपनी आदततो से लाचार कर्मचारी हरकत से बाज नही आ रहे है।ताजा मामला चायल तहसील का है। बताते चले कि चायल तहसील अंतर्गत ग्राम मोहद्दीनपुर नगर उर्फ बहूँगारी निवासी के एन सिंह,फूल सिंह,एवं राजेन्द्र सिंह ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था।जिसमे जिक्र किया गया था कि चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने पर कब्जा परिवर्तन के बाद आज तक लोगो को नवनिर्मित चक में कब्जा नही मिल पाया है। दिनांक 3 जुलाई को उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था।जिस पर उपजिलाधिकारी चायल ने लेखपाल और सराय अकिल थाने को आदेशित किया था कि मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करे।परन्तु चार महीने बीतने के बाद भी किसान लेखपाल के चक्कर लगा रहा है और लेखपाल के कानों में जु तक नही रेंग रहे ।

## जिलाधिकारी ने बृहद गोसंरक्षण केन्द्र कादिराबाद का किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बृहद गोसंरक्षण केन्द्र कादिराबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोसंरक्षण केन्द्र की टीन सेड टूटी होने एवं पानी की सप्लाई ठीक ढंग से न होने सहित अन्य व्यवस्थाओं में कमियां पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था फैक्सफेड को नोटिस जारी करने एवं संबंधित ठेकेदार की जमानत धनराशि को जब्त करने का निर्देश दिया है।उन्होने बाउन्ड्री के किनारे.किनारे छायादार बृक्ष लगवाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने गोसंरक्षण केन्द्र में बने तालाब में मत्स्य पालन कराने हेतु मत्स्य विभाग को निर्देशित किया है। उन्होने गोवंशों के लिए हरे चारे के रूप में नेपियर घास लगवाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने गोसंरक्षण केन्द्र में चारा पानी एवं विद्युत की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिया है। उन्होंने गोसंरक्षण केन्द्र में अभियान चलाकर गोवंशों का टीकाकरण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 वीपी पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


गो संरक्षण केन्द्र कादिराबाद का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।